# न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

## परिवाद संख्या 37/2023

सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,अजमेर

.........*प्रार्थी*

**बनाम**

1— श्री मुकेश पाल सिंह पुत्र श्री कंवर सिंह, मैसर्स—श्री जनता स्टोर 2, श्री विनायक कॉम्पलेक्स, अजमेर रोड़, श्रीनगर, अजमेर

2— श्री तनुज कुमार दाधीच प्रोपराईटर, मंजुला एंटरप्राईजेज, चारभुजा चौक मकराना, नागौर

........*अप्रार्थीगण*

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा**
**26 की उप धारा (2) (II) एवं धारा 52 के तहत**

उपस्थित : अप्रार्थी स्वयं।

**—: आदेश :—**

**दिनांक—23.08.2023**

शासन उप सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक प.1(2) कार्मिक/क—4/08 दिनांक 05.04.2012 के द्वारा खाद्य सुरक्षा माणक अधिनियम 2006 की धारा 68 की उपधारा 1 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिलों में कार्यरत अति. जिला मजिस्ट्रेट को खाद्य सुरक्षा एवं माणक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उनके अधीनस्थ कार्य क्षेत्र मे लिए न्याय निर्णयन अधिकारी नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं जोन, अजमेर ने अप्रार्थी के विरूद्ध एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी ने मिसब्राण्ड चाय (बजाज) का उपयोग कर खाद्य सुरक्षा माणक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, जिसके फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा माणक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 52 में निर्धारित है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ न्याय निर्णय आवेदन गजट नोटिफिकेशन की प्रति कार्य क्षेत्र नोटिफिकेशन की प्रति माल खरीद, बिल असल, फार्म नम्बर 5 ए असल, फर्द रिपोर्ट असल फार्म नम्बर 6 असल एवं प्राप्ति रसीद (पुस्त पर) खाद्य विश्लेषक अजमेर द्वारा खाद्य नमूना एवं फार्म नम्बर 6 द्वितीय प्रति की प्राप्ति रसीद की अभिहित अधिकारी द्वारा खाद्य नमूना के तीन भाग की रसीद व खाद्य विश्लेषक अजमेर की नमूना जॉच रिपोर्ट तथा अभिहित अधिकारी द्वारा पत्रावली पेश करने बाबत आवेदन फाईल करने बाबत लिखा गया पत्र की प्रति प्रस्तुत की गयी।

न्यायालय हाजा मे प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 24.09.2022 को 05.00 पी.एम. खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैसर्स—श्री जनता स्टोर 2, श्री विनायक कॉम्पलेक्स, अजमेर रोड़, श्रीनगर, अजमेर पर पहुँचे श्री मुकेश पाल सिंह पुत्र श्री कंवर सिंह मौके पर उपस्थित मिले। दुकान में आम जनता को विक्रय हेतु 500—500 ग्राम के 20 सीलड पैकेट चाय (बजाज) के रखे हुए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को

न्याय निर्णायक अधिकारी
अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

निरीक्षण के दौरान चाय (बजाज) में मिलावट का शक होने पर उसमें से 500–500 ग्राम के 4 सील्ड पैकेट चाय (बजाज) वास्ते नमूना जॉच हेतु 680/– रूपये श्री मुकेश पाल सिंह पुत्र श्री कंवर सिंह को नगद देकर गवाह श्री महेश कुमार शर्मा तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी के समक्ष क्रय करने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर फार्म नम्बर 5 ए की प्रतियां एवं फर्द रिपोर्ट तैयार करके इसकी एक प्रति अप्रार्थी श्री मुकेश पाल सिंह को सम्भलाकर रसीद प्राप्त करने खरीदशुदा 4 सील्ड पैकेट चाय (बजाज) प्रत्येक पैकेट पर चार लेबल पर डीओ के कोड क्रमांक ए–3427 दर्ज कर प्रत्येक लेबल पर हस्ताक्षर करते हुए चिपकाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद लिये गये नमूनों को अपने जाप्ते में लेने के पश्चात् कार्यालय पहुँचकर फार्म नम्बर 6 की 6 प्रतियां तैयार करने एवं सील किये गये नमूने मे से एक नमूना फार्म संख्या 6 की प्रति के आउटर कवर कराकर दो फार्म संख्या 6 की प्रति अलग से एक लिफाफे मे बंद कर चपडी सें सील मोहर कर, खाद्य विश्लेषक, अजमेर को शेष 2 सील बंद नमूना भाग फार्म नम्बर 6 की दो प्रति आउटर कवर मे सील बंद कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर को भिजवाये जाने का उल्लेख किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद में यह भी उल्लेख किया है कि अभिहित अधिकारी अजमेर के पत्र क्रमांक मुचिअ/एफएसएसए/2022/10472 दिनांक 10.11.2022 अनुसार खाद्य विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जांच रिपोर्ट सं. एलएस 1162/एक्ट/2022/1023 दिनांक 06.10.2022 के अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच उपयोग में ली गई चाय (बजाज) मिसब्राण्ड होना पाई गई। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समुचित कार्यवाही किये जाने का परिवाद इस न्यायालय मे दिनांक 08.06.2023 को प्रस्तुत हुआ।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 14.06.2023 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष कार्यालय हाजा में स्वयं या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया।

नियत पेशी दिनांक 23.08.2023 को अप्रार्थीगण स्वयं उपस्थित हुये तथा जवाब नोटिस पेश किया। उनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पेश किये गये परिवाद मे वर्णित तथ्यों को पढकर अवगत करवाया। अप्रार्थी ने जवाब नोटिस पेश कर कथन किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिया गया चाय का नमूना जन स्वास्थ्य के मानकों के अनुरूप पाया गया है एवं निर्धारित मानकों के पूर्णतः अनुरूप होने से चाय किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रतिकूल तौर पर प्रभावित नहीं करती है। केवल मात्र लेबलिंग की त्रुटि पाई गई है, जिसे वर्तमान में हमारी फर्म द्वारा सुधार कर दिया गया है। अतः प्रस्तुत परिवाद को ड्रॉप करने के आदेश न्यायहित में प्रदान करावें। चूंकि परिवाद में अप्रार्थीगण ने न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर अपना जुर्म कबूल किया तथा लिखित में जवाब प्रस्तुत किया। अभियुक्त द्वारा जुर्म कबूल कर लिये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं परिवाद में वर्णित गवाहान को साक्ष्य हेतु बुलाना उचित नहीं समझा गया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं संलग्न दस्तावेजों खाद्य विश्लेषक, अजमेर की जॉच रिपोर्ट के आधार पर विक्रय की गई चाय (बजाज) मिसब्राण्ड होना पाई गई, जिसके लिए अभियुक्त दोषी प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अप्रार्थी श्री मुकेश पाल सिंह व श्री तनुज कुमार दाधीच द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं माणक अधिनियम 2006 नियम और विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) के तहत अवमानक पदार्थ बेचने का दोषी है। जिसके लिए उपरोक्त अधिनियम की धारा 52 में अवमानक पदार्थ पाये जाने पर शास्ती आरोपित किये जाने का प्रावधान किया हुआ है। अप्रार्थी द्वारा विक्रय किये जा रहे चाय (बजाज) में निर्धारित नियमों का ध्यान नहीं रखा गया है। उपभोक्ता कोई भी उत्पाद विश्वास के साथ क्रय करता है, विक्रेता का इस प्रकार का कृत्य उपभोक्ता

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

के विश्वास को भी परोक्ष रूप से आघात पहुँचाता है एवं विक्रेता/फर्म का ऐसा कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है। अपने नैतिक दायित्व का निर्वहन कर समाज में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के दृष्टिगत अप्रार्थी को इस चेतावनी के साथ हिदायत दी जाती है कि वे भविष्य में इस प्रकार का अपराध पुनः कारित नहीं करेंगे। इस आशय का शपथ–पत्र भी उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करना होगा। उपरोक्त प्रावधान को मध्यनजर रखते हुए अप्रार्थी अभियुक्तगण श्री मुकेश पाल सिंह व श्री तनुज कुमार दाधीच को जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जाना उचित प्रतीत होता है क्योंकि अप्रार्थी अभियुक्तगण ने उस पर लगाये गये आरोप को स्वीकार कर भविष्य में इस तरह की गलती की पुनःरावृति नहीं किये जाने हेतु आश्वस्त किया है। परन्तु अप्रार्थी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम और विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन करने एवं अपराध कारित होने के फलस्वरूप उक्त अधिनियम की धारा 52 के अन्तर्गत अप्रार्थी अभियुक्तगण श्री मुकेश पाल सिंह व श्री तनुज कुमार दाधीच को रु 51000/– (अक्षरे इक्यावन हजार रूपये मात्र) शास्ती आरोपित की जाती है। अप्रार्थी अभियुक्तगण उपरोक्त शास्ति राशि न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से निर्णय दिनांक 23.08.2023 से एक माह के अन्दर जमा कराकर रसीद प्राप्त करे।

निर्णय लिखाया जाकर आज दिनांक 23.08.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर

(राजेन्द्र सिंह)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

क्रमांक :सरिस्ता/अपर/2023/4756-60 दिनांक :09.10.2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।

2– संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, अजमेर

3– अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अजमेर।

4– श्री मुकेश पाल सिंह पुत्र श्री कंवर सिंह, मैसर्स–श्री जनता स्टोर 2, श्री विनायक कॉम्पलेक्स, अजमेर रोड़, श्रीनगर, अजमेर

5– श्री तनुज कुमार दाधीच प्रोपराईटर, मंजुला एंटरप्राईजेज, चारभुजा चौक मकराना, नागौर

न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर